राजस्थान का कॉलेज शिक्षा विभाग डिजीटल क्विजथॉन का आयोजित करेगा। राजकीय जानकी देवी बजाज महिला महाविद्यालय कोटा प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने बताया कि भारत में सूचना प्रौद्यागिकी और संचार क्रान्ति के जनक एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वगीय राजीव गांधी के योगदान को युवा पीढी तक पहुंचाने एवं देश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे विकास के बारे में युवाओं को जागरूक करने के लिये इस प्रकार का क्विजथॉन आयोजित किया जा रहा है ताकि इस युवा शक्ति का विकास के लिये सदुपयोग हो सके। डॉ. कोठारी ने बताया कि एक से सात सितम्बरकी अवधि में यह आयोजन होने वाला है।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राजीव-2021 डिजीटल क्विजथॉन में राजस्थान के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों, पॉलीटेक्निक एवं इन्जीनियरिंग कॉलेजों में नियमित व स्वयंपाठी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं 31 अगस्त के अधिकतम आयु 23 वर्ष को आधार माना जावेगा। एक सप्ताह तक चलने वाले इस डिजीटल क्विजथॉन में तीन प्रतियोगिताएं 1 सितम्बर को सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति एवं कम्प्युटर विषय पर, 3 सितम्बर को स्थानीय शासन मेें सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति से सुशासन विषय पर तथा 6 सितम्बर को सामान्य ज्ञान एवं जागरूकता विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जावेंगी।

डॉ. कोठारी ने बताया कि क्विजथॉन में भाग लेने के लिये इच्छुक विद्यार्थियों को सूचना विभाग की अधिकृत वेबसाईटhttps://doitc.rajasthan.gov.in पर पंजीयन करवाना आवश्यक है तथा इसकी सूचना कॉले

वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce पर भी उपलब्ध हैं।इसके लिये विद्यार्थियों को अपनी एसएसओ आईडी का उपयोग अनिवार्य रखा गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 26 अगस्त रखी गयी है। पंजीयन पूर्णतया निशुल्क रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि इस डिजीटल क्विजथॉन की तीनांे प्रतियोगिताओं में से श्रेष्ठतम 25 प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक – एक टैब दिया जाएगा तथा इनसे अगले 30 प्रतिभागियों को द्वितीय पुरस्कार के रूप में एक- एक मोबाईल फोन अथवा कई अन्य आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के परिणाम 10 सितम्बर को घोषित किये जाएगे। प्राचार्य